Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बारां में समाज कल्याण विभाग का कनिष्ठ सहायक एवं उसके दो दलाल 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *04 जुलाई, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की बारां इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **अमरदीप मीणा कनिष्ठ सहायक, कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बारां एवं उसके दलाल भरत वैष्णव, बनवारी लाल वैष्णव (दोनों प्राईवेट व्यक्ति)** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की बारां इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि महिला अत्याचार पीड़िता को मिलने वाली 1 लाख 50 हजार रुपये की राजकीय सहायता जारी करने की एवज में आरोपी अमरदीप मीणा कनिष्ठ सहायक, कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बारां द्वारा उसके दलाल भरत वैष्णव, बनवारी लाल वैष्णव (दोनों प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से प्रथम किस्त पर 10 हजार रुपये एवं द्वितीय किस्त पर 10 हजार रुपये, कुल **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कल्याणमल मीणा** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. बारां इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री प्रेमचंद** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण अमरदीप मीणा कनिष्ठ सहायक, कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बारां तथा उसके दलाल भरत वैष्णव, बनवारी लाल वैष्णव (दोनों प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**